

# खेल ढाबा

पटना, बुधवार, 03 दिसंबर, 2025



वर्ष-1 ।। अंक-126 ।। पृष्ठ-4

डिजिटल समाचार पत्र




ईशान किशन शतक से चूके पेज-03 आईपीएल नीलामी से हटे मैक्सवेल पेज-04 हार्दिक पांड्या की दमदार वापसी पेज- 04

# भारत क्वार्टरफाइनल में

## ☛ अंतिम लीग मुकाबले में स्विट्जरलैंड को 5-0 से हराया

## ☛ क्वार्टरफाइनल में भारत की भिड़ंत बेल्जियम से होगी

**एफआईएच पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप**



**मदुरै/चेन्नई, 2 दिसंबर।** एफआईएच पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप में मंगलवार का दिन भारत और फ्रांस के लिए बेहद सफल रहा। दोनों टीमों ने अपने–अपने पूल में लगातार तीसरी जीत हासिल कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। वहीं स्पेन, बेल्जियम और नीदरलैंड ने भी जोरदार प्रदर्शन कर नॉकआउट टिकट पक्का किया, जबकि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसे दिग्गज लीग चरण में ही बाहर हो गए।

**क्वार्टरफाइनल लाइनअप तय :** इस टूर्नामेंट का क्वार्टरफाइनल लाइनअप तय हो चुका है। पहले क्वार्टरफाइनल में स्पेन की भिड़ंत न्यूजीलैंड, दूसरे क्वार्टरफाइनल में फ्रांस की टक्कर जर्मनी, तीसरे क्वार्टरफाइनल में नीदरलैंड की भिड़ंत अर्जेंटीना और चौथे क्वार्टरफाइनल में भारत की भिड़ंत बेल्जियम से होगी।

**भारत ने स्विट्जरलैंड को 5–0 से रौंदा :** मदुरै में खेले गए पूल 'बी' के मुकाबले में भारत ने स्विट्जरलैंड पर शुरुआत से अंत तक दबदबा बनाए रखा। पूरी टीम ने सामंजस्यपूर्ण खेल दिखाते हुए 5–0 की बड़ी जीत दर्ज की। तीन मैचों में तीन जीत के साथ भारत शीर्ष पर रहा। जन्मदिन मना रहे मनमीत सिंह ने भारत को शानदार शुरुआत दिलाई और दूसरे तथा 11वें मिनट में दो गोल दागे। इसके बाद पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ शारदानंद तिवारी ने 13वें और 54वें मिनट में दो शानदार गोल किए। अर्शदीप सिंह ने 28वें मिनट में मैदानी गोल किया और भारत की बढ़त को निर्णायक रूप दे दिया।

**फ्रांस का अजेय अभियान बरकरार:** चेन्नई में फ्रांस ने अपने पूल 'एफ' के अंतिम लीग मैच में बांग्लादेश को 3-2 से हराया। फ्रांस ने इससे पहले कोरिया को 11-1 और ऑस्ट्रेलिया को 8-3 से हराकर पहले ही मजबूत पकड़ बना ली थी। इस जीत के बाद वह तीनों जीत के साथ नौ अंकों पर शीर्ष पर रहा। मैच के दौरान फ्लडलाइट में खराबी के कारण खेल को तीन बार रोकना पड़ा, लेकिन फ्रांस ने अपना संतुलन बनाए रखा। टॉम गैलार्ड, गैबिन लोरोंजुरी और जेम्स लिडार्ड ने फ्रांस के लिए गोल किए। बांग्लादेश की ओर से मोहम्मद अब्दुल्ला और अमीरुल इस्लाम ने गोल किए, लेकिन वे बराबरी नहीं कर सके।

**स्पेन की 13-0 की धमाकेदार जीत:** पूल 'डी' में स्पेन ने नामीबिया को 13-0 से हराकर सभी तीन मैच जीतते हुए सीधे क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ब्रूनो एविला ने चार गोल किए, जबकि एंड्रेस मेडिना और जोसेप मार्टिन ने दो–दो गोल दागे। टीम के पांच अन्य खिलाड़ियों ने भी एक–एक गोल किया।

**बेल्जियम और नीदरलैंड भी नॉकआउट में :** उसी पूल में बेल्जियम ने मिस्र को 10-0 से हराकर छह अंक जुटाए और दूसरी सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में क्वार्टर फाइनल में पहुंचा। पूल 'ई' में नीदरलैंड ने ऑस्ट्रिया को 11-0 से हराया। इंग्लैंड ने मलेशिया को 3-1 से मात दी, लेकिन अंक तालिका में पिछड़ जाने के कारण नॉकआउट चरण में प्रवेश नहीं कर सकी।

**ऑस्ट्रेलिया का 28 साल का इंतजार जारी :** ऑस्ट्रेलिया ने अपने आखिरी मैच में कोरिया को 3–1 से हराया, लेकिन यह जीत उनके लिए क्वार्टर फाइनल टिकट हासिल करने के लिए काफी नहीं थी। टीम ने 1997 में अपना एकमात्र जूनियर विश्व कप खिताब जीता था और 28 साल बाद भी दूसरा खिताब जीतने की उम्मीद अधूरी रह गई।

# वैभव सूर्यवंशी की रिकॉर्ड शतकीय पारी, फिर भी बिहार की टीम हारी

## ☛ वैभव सूर्यवंशी ने खेली नाबाद 108 रन की शतकीय पारी

## ☛ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में सबसे युवा शतकवीर बने

## ☛ वैभव की पारी पर भारी पड़े पृथ्वी शॉ, महाराष्ट्र जीता

**पटना, 2 दिसंबर (खेलढाबा)।** बिहार के युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में इतिहास रच दिया है। महज 14 वर्ष 250 दिन की उम्र में तेजतर्रार बल्लेबाज सूर्यवंशी ने महाराष्ट्र के खिलाफ नाबाद 108 रन ठोकते हुए टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे युवा शतकवीर बनने का गौरव हासिल किया।

**ऐसी रही सूर्यवंशी की शतकीय पारी:** अपने आक्रामक अंदाज के लिए मशहूर वैभव ने आते ही विपक्षी गेंदबाजों पर हमला बोल दिया। उन्होंने 58 गेंदों में शतक पूरा किया और अंत तक 61 गेंदों में नाबाद 108 रन, जिसमें 7 चौके और 7 छक्के शामिल थे, बनाकर नाबाद लौटे। पारी के दौरान उन्होंने आकाश राज के साथ तीसरे विकेट के लिए 70 रन और आयुष लोहारुका के साथ 75 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई।

**19 साल से पहले तीन टी20 शतक विश्व में पहले बल्लेबाज :** वैभव सूर्यवंशी ने टी20 क्रिकेट में एक और बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया है।

वह 19 साल से पहले तीन टी20 शतक लगाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। उनके नाम 16 मैच, 16 पारियां, 600+ रन, 144 का बेस्ट, 3 शतक और 1 अर्धशतक दर्ज हो चुके हैं। उन्होंने साल 2024 में टी20 कैरियर की शुरुआत की थी।

**इस साल तीसरा टी20 शतक:** सूर्यवंशी ने इस वर्ष अपना तीसरा टी20 शतक जड़ा और वह इस साल संयुक्त रूप से सबसे अधिक टी20 शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज भी बन चुके हैं। उनसे पहले मुश्ताक अली ट्रॉफी में सबसे युवा शतकवीर का रिकॉर्ड विजय जोल (18 साल 118 दिन) के नाम था। इसके अलावा आयुष म्हात्रे ने भी 18 साल 135 दिन की उम्र में शतक लगाया था।



**शानदार फॉर्म में सूर्यवंशी:** वैभव सूर्यवंशी पिछले कुछ महीनों से बेहतरीन फॉर्म में हैं। उन्होंने पिछले महीने एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2025 में यूएई के खिलाफ 32 गेंदों में शतक ठोकते हुए 144 रन की आतिशी पारी खेली थी।

साथ ही, आईपीएल 2025 में भी उन्होंने दमदार प्रदर्शन किया था, जिसमें 7 मैचों में उन्होंने 206.55 की स्ट्राइक रेट से 252 रन, जिसमें 1 शतक और 1 अर्धशतक, शामिल हैं, बनाए।

## बिहार की लगातार चौथी हार

**कोलकाता, 2 दिसंबर।** वैभव सूर्यवंशी की धमाकेदार नाबाद शतकीय पारी भी बिहार को जीत नहीं दिला सकी और टीम को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के ग्रुप बी मुकाबले में महाराष्ट्र के खिलाफ तीन विकेट से हार झेलनी पड़ी। बिहार की यह लगातार चौथी हार है।

पहले बल्लेबाजी करते हुए बिहार ने तीन विकेट पर 176 रन बनाए। सिर्फ वैभव सूर्यवंशी ने 61 गेंदों पर नाबाद 108 रन ठोके, जिसमें 7 चौके और 7 छक्के शामिल थे। उन्होंने आयुष लोहारुका (नाबाद 25) के साथ चौथे विकेट के लिए 75 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई। सूर्यवंशी ने अंतिम ओवर में अर्शिन कुलकर्णी को चौका लगाकर शतक पूरा किया। सात छक्के लगाकर उन्होंने बिहार की ओर से टी20 में सबसे ज्यादा छक्कों का नया रिकॉर्ड भी बनाया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए महाराष्ट्र ने कप्तान पृथ्वी साव की 30 गेंदों में आक्रामक 66 रन की पारी के दम पर मैच पर पकड़ बनाई। उनके अलावा नीरज जोशी (30), रंजीत निकम (27) और निखिल नाईक (22) ने तेज खेल दिखाते हुए टीम को विजय दिलाई। टीम ने पांच गेंद शेष रहते 7 विकेट पर 182 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। बिहार की ओर मोहम्मद इजहार और सकीबुल गनी ने 2-2 विकेट चटकाये।

# दूसरा वनडे जीत टीम इंडिया की नजरें सीरीज कब्जा करने पर

- दक्षिण अफ्रीका की नजर सीरीज में वापसी पर
- दोनों के बीच रायपुर में मुकाबला आज

**रायपुर, 2 दिसंबर।** ड्रेसिंग रूम के माहौल को लेकर अफवाहों के बीच दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को दूसरा वनडे और सीरीज जीतने के लिए भारत की उम्मीदें विराट कोहली के शानदार फॉर्म और रोहित शर्मा की दमदार मौजूदगी पर लगी होंगी ।


कोहली के 52वें वनडे शतक और रोहित की 57 रन की आक्रामक पारी के दम पर भारत ने रांची में पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को 17 रन से हराया ।

वनडे विश्व कप 2027 में अभी दो साल है और ऐसे में कोहली और रोहित के लिये हर मैच अपनी फिटनेस और फॉर्म को साबित करने का जरिया है। मुख्य कोच गौतम गंभीर से लगातार बढते मतभेदों का मसला भी अहम है। इसे लेकर लग रही अटकलों के बीच लगता है कि बीसीसीआई को कहीं न कहीं दखल देना होगा।

पिछले दो वनडे में भारत की जीत के सूत्रधार रहे रोहित और कोहली ने दक्षिण अफ्रीका में होने वाले विश्व कप के लिये अपना दावा पुख्ता कर दिया है। रोहित के शानदार प्रदर्शन से भारत ने अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया को सिडनी वनडे में नौ विकेट से हराया था।

चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर और गंभीर ने विश्व कप में दोनों की भागीदारी को लेकर कुछ नहीं कहा है जो शायद तनाव की वजह हो सकता है।

पहला मैच जीतने के बावजूद भारत की चिंता कम नहीं हुई है। लिस्ट ए क्रिकेट में प्रभावी प्रदर्शन करने वाले रूतुराज गायकवाड़ को चौथे नंबर पर भेजा गया लेकिन वह इसके लिये तैयार नहीं दिखे। कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल छठे नंबर पर उतरे।



वॉशिंगटन सुंदर को बल्लेबाजी क्रम में प्रयोगों की आदत हो चुकी है ।दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता टेस्ट में तीसरे नंबर पर उतरने के बाद उन्हें पहले वनडे में पांचवें नंबर पर भेजा गया लेकिन वह बड़ी पारी नहीं खेल सके। गेंदबाजी में उन्होंने तीन ही ओवर डाले और 18 रन दिये।

हर्षित राणा ने नयी गेंद से दो विकेट लिये लेकिन बाद में काफी रन दिये। उन्हें इस पर नियंत्रण करना होगा खासकर जब 34वें ओवर के बाद सिर्फ एक ही गेंद से खेलना होता है। बल्ले और गेंद के बीच संतुलन के लिये आईसीसी के नये नियम के तहत उपलब्ध दो में से एक ही गेंद 34वें से 50वें ओवर के बीच इस्तेमाल की जा सकती है।

कुलदीप यादव ने 68 रन देकर चार विकेट चटकाये। वह महंगे भले ही साबित हुए लेकिन उनकी विविधतापूर्ण गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका वापसी के प्रयास के बावजूद नाकाम रहा।

दक्षिण अफ्रीका ने एक समय तीन विकेट 11 रन पर गंवा दिये थे लेकिन इसके बाद शानदार वापसी की। मार्को यानसेन ने 26 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और 39 गेंद में 70 रन बनाये मैथ्यू ब्रीज्के ने भारत के खिलाफ पहला वनडे खेलते हुए 72 रन बनाये।

दक्षिण अफ्रीका ने पहला वनडे कप्तान तेम्बा बावुमा और स्पिनर केशव महाराज के बिना खेला जिन्हें आराम दिया गया था । अब दोनों की वापसी से टीम को मजबूती मिलेगी।

शहीर वीर नारायण सिंह स्टेडियम पर एकमात्र वनडे जनवरी 2023 में खेला गया था जब पिच से मिलने वाली सीम की मदद से मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज ने न्यूजीलैंड टीम को 108 रन पर आउट कर दिया था। भारत ने 30 ओवर बाकी रहते आठ विकेट से जीत दर्ज की थी।

## अगर आलोचना पर ध्यान दूंगा तो नही खेल पाऊंगा: हर्षित

**रायपुर, 2 दिसंबर।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर द्वारा कथित तौर पर पक्ष लेने के लिए निशाने पर रहने वाले तेज गेंदबाज हर्षित राणा का कहना है कि वह बाहर के किसी भी शोर पर ध्यान नहीं देते क्योंकि ऐसा करने से वह खुलकर क्रिकेट नहीं खेल पाएंगे।

गंभीर के कार्यकाल में 23 साल के इस तेज गेंदबाज ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान पर्थ टेस्ट में अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद भारत के लिए सभी प्रारूपों में पदार्पण किया है। हालांकि हर्षित ने अपने प्रदर्शन से सभी प्रारूपों में काफी प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं किया है लेकिन उन्हें टीम के मुख्य कोच का पूरा समर्थन मिला है।

हर्षित से जब पूछा गया कि वह सोशल मीडिया पर प्रशंसकों सहित अन्य लोगों की आलोचना से कैसे निपटते हैं तो उन्होंने कहा, ''अगर मैं इन सब बातों को सुनना शुरू कर दूं और उन्हें अपने दिमाग में रखकर मैदान पर उतरूं तो मैं क्रिक्रेट नहीं खेल पाऊंगा।''

उन्होंने कहा, ''मैं जितना हो सके इससे बचने की कोशिश करता हूं। मैं बस इस बात पर ध्यान देता हूं कि मुझे मैदान पर क्या करना है। मुझे इस बात की परवाह नहीं है कि बाहर क्या हो रहा है या कोई मेरे बारे में क्या कह रहा है। शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में भारत के ट्रेनिंग सत्र से पहले उन्होंने कहा, ''मैं बस अपनी कड़ी मेहनत और मैदान पर क्या करने वाला हूं इस पर ध्यान देता हूं। रांची में पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में दक्षिण अफ्रीका के लक्ष्य का पीछा करते हुए अंतिम ओवरों में गेंद पर उनका नियंत्रण कम था लेकिन हर्षित ने शुरुआत में दो विकेट सहित 65 रन पर तीन विकेट लेकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने कहा कि वह नई गेंद से अपने कौशल को सुधारने के लिए भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल और अर्शदीप सिंह के साथ काम कर रहे हैं। हर्षित ने कहा, ''नई गेंद से मैं मोर्ने (मोर्कल) के साथ बहुत अभ्यास कर रहा हूं और मैं अर्शदीप से बहुत बात करता रहता हूं।






स्थानीय संजय गांधी स्टेडियम में परमेश्वर राय मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का शानदार आगाज हुआ।

# हैप्पी हाई स्कूल व आशीष सिन्हा एकादश जीते

**ारमेश्वर राय मेमोरियल अंडर-15 इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट**



**पटना, 2 दिसंबर (खेलढाबा)।** स्थानीय संजय गांधी स्टेडियम (जीएसी ग्राउंड) में मंगलवार से शुरू परमेश्वर राय मेमोरियल अंडर-15 इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले दिन खेले गए मुकाबलों में हैप्पी हाई स्कूल और आशीष सिन्हा एकादश ने जीत दर्ज की। हैप्पी हाई स्कूल ने एसकेपी क्रिकेट एकेडमी को 12 रन से जबकि आशीष सिन्हा एकादश ने श्रीराम खेल मैदान को 3 विकेट से मात दी।

**प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह :** इससे पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन सिकटा विधायक समृद्ध वर्मा, पटना नगर निगम के पूर्व महापौर श्याम बाबू राय, भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के संयोजक सतीश राजू, सह संयोजक मुकेश पासवान, विकास गोल्डी, सुमित एंड शर्मा स्पोर्ट्स के एमडी सुमित शर्मा तथा राजीव रंजन यादव द्वारा किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत सरदार पटेल स्पोर्ट्स फाउंडेशन के संस्थापक संतोष तिवारी और पटना जिला फुटबॉल संघ के सचिव मनोज कुमार ने किया।

**पहला मुकाबला: हैप्पी हाई स्कूल की 12 रन से जीत :** टॉस जीतकर हैप्पी हाई स्कूल ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और निर्धारित 21 ओवर में सात विकेट पर 149 रन बनाए। रोहन सिंह और सूरज साव ने 28–28 रन जबकि श्याम कुमार ने 22 रन का योगदान दिया।

जवाब में एसकेपी क्रिकेट एकेडमी की टीम हैप्पी हाई स्कूल के गेंदबाज रोहित राज की बेहतरीन गेंदबाज़ी के आगे टिक नहीं सकी और 20 ओवर में 137 रन पर सिमट गई। रोहित राज को शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**संक्षिप्त स्कोर**

हैप्पी हाई स्कूलः 21 ओवर में 7 विकेट पर 149 रन, अभिनव प्रकाश 18, रोहन सिंह 28, श्याम कुमार 22, सूरज साव 28, अतिरिक्त 32 आर्यन भेलारी 3/30, सोहन श्रीवास्तव 1/20, अलंकृत नंदन शर्मा 1/33

एसकेपी क्रिकेट एकेडमीः 20 ओवर में 137 पर ऑलआउट, वैभव दयाल 63, अतिरिक्त 19, गेंदबाज़ीः रोहित राज 4/24, आर्यन रावत 2/18, हिमांशु कुमार 1/24, रोहतन सिंह 1/23

**दूसरा मुकाबलाः प्रियांशु की विस्फोटक पारी से आशीष सिन्हा एकादश की जीत :** टॉस जीतकर श्रीराम खेल मैदान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 21 ओवर में छह विकेट पर 175 रन बनाए। शुभम घोष ने 46, प्रत्युष राज ने 28 और निखिल कुमार ने 20 रन जोड़े। जवाब में आशीष सिन्हा एकादश के बल्लेबाज़ प्रियांशु कुमार ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 135 रन की विस्फोटक पारी खेली और टीम ने 18.3 ओवर में सात विकेट पर 178 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। प्रियांशु को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**संक्षिप्त स्कोर**

श्रीराम खेल मैदानः 21 ओवर में 6 विकेट पर 175 रन, शुभम घोष 46, प्रत्युष राज 28, निखिल कुमार 20, अतिरिक्त 46,वंश कुमार 2/28, प्रियांशु 2/17, आशुतोष 1/29

आशीष सिन्हा एकादशः 18.3 ओवर में 7 विकेट पर 178 रन, प्रियांशु कुमार 135, अतिरिक्त 16, अनुराग 1/19, पर्व 1/33, प्रत्युष राज 1/41

# कूच बिहार ट्रॉफी : 2 दिन में ही मध्यप्रदेश से हारा बिहार



- मध्यप्रदेश ने बिहार को नौ विकेट से किया पराजित
- बिहार की यह लगातार तीसरी हार है

**पटना, 2 दिसंबर (खेलढाबा)।** कूच बिहार ट्रॉफी एलीट ग्रुप के अंतर्गत सागर में खेले गए मैच में मेजबान मध्यप्रदेश ने बिहार को चार दिवसीय मैच में दो दिन में नौ विकेट से हरा दिया। बड़े स्कोर नहीं बनने के कारण यह मुकाबला दो दिन ही चल पाया।

बिहार ने पहली पारी में 41.2 ओवर में 130 रन बनाए। यश प्रताप ने 60 रन (66 गेंद, 7 चौके, 4 छक्के) बनाकर पारी को संभालने का प्रयास किया। मोहित कुमार ने 14 और प्रीतम राज ने 11 रन बनाए। मध्यप्रदेश की ओर से मनल चौहान ने 17 ओवर में 4 विकेट, यशबर्धन सिंह चौहान ने 16 ओवर में 3 विकेट और गिर्राज शर्मा ने 2 विकेट लिए।

मध्यप्रदेश ने अपनी पहली पारी में 52.1 ओवर में 170 रन बनाए। मनल चौहान ने 41 और हर्षित यादव ने 40 रन बनाए, जबकि युवराज सिंह कांग ने 19 रन का योगदान दिया। बिहार की ओर से योगेश्वर कुमार ने 5, सत्यम कुमार ने 3 और यश प्रताप ने 2 विकेट लिए।

बिहार की दूसरी पारी 31.5 ओवर में 77 रन पर सिमट गई। दीपेश गुप्ता 17, यश प्रताप 15 और मोहित कुमार नाबाद 15 रन बनाए। मध्यप्रदेश की ओर से यशबर्धन सिंह चौहान ने 8 विकेट लिए, जबकि मनल चौहान और गिर्राज शर्मा ने एक–एक विकेट लिया।

मध्यप्रदेश ने 38 रन के लक्ष्य को 9 विकेट शेष रहते पूरा किया। बिहार की गेंदबाजी में यश प्रताप, सत्यम कुमार, योगेश्वर कुमार और मोहित कुमार ने प्रयास किया, लेकिन लक्ष्य बहुत छोटा होने के कारण विपक्षी टीम को रोक पाना संभव नहीं हुआ।

इस मैच में बिहार के गेंदबाजों ने दोनों पारियों में प्रभावी प्रदर्शन किया, लेकिन बल्लेबाजी विभाग कमजोर साबित हुआ। टीम आगामी मुकाबलों में इन अनुभवों के आधार पर बल्लेबाजी में मजबूती लाकर बेहतर प्रदर्शन करने की योजना बनाएगी।

# यश राज को बिहार अंडर-16 क्रिकेट टीम की कमान

**पटना, 2 दिसंबर (खेलढाबा)।** बिहार क्रिकेट संघ ने आगामी बीसीसीआई विजय मर्चेंट अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए पहले दो मैचों की टीम की घोषणा कर दी है। यह प्रतियोगिता ग्वालियर (मध्य प्रदेश) में खेली जाएगी। चयनित खिलाड़ियों को कल सुबह 10 बजे तक बीसीए कार्यालय में रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया है।

घोषित टीम में कुल 15 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। अरवल के यश राज को टीम का कप्तान तथा शिवहर के विवेक आनंद को उपकप्तान बनाया गया है। विकेटकीपर के रूप में निशु यादव (जमुई) और पीयूष कुमार (औरंगाबाद) टीम में शामिल हैं।

चयनित खिलाड़ी : अभिनव सिन्हा (पटना), यश राज कप्तान (अरवल), विवेक आनंद उपकप्तान (शिवहर), अर्नव तिवारी (सीवान), निशु यादव विकेटकीपर (जमुई), पीयूष कुमार विकेटकीपर (औरंगाबाद), शिवांश पांडेय (भोजपुर), श्वेताम कुमार (समस्तीपुर), सुमित कुमार (जमुई), उज्ज्वल राज (मधुबनी), अमन कुमार (खगड़िया), आगस्त्य कुमार (नालंदा), राजवीर शर्मा (गया), मंदीप कुमार ज्ञानी (समस्तीपुर), अंश अरमान (कैमूर)।

सपोर्ट स्टाफ : कोच-प्रमोद कुमार, सहायक कोच-संजय कुमार, एस एंड सी कोच-चंदन कुमार, फीजियो-रवि गोस्वामी, टीम मैनेजर-प्रभाकर कुमार।

**बिहार के मुकाबले—ग्वालियरः** 7 से 9 दिसंबर : बिहार बनाम छत्तीसगढ़। 12 से 14 दिसंबर : बिहार बनाम पंजाब। 18 से 20 दिसंबर : बिहार बनाम ओड़िशा। 23 से 25 दिसंबर : बिहार बनाम पुडुचेरी, 29 से 31 दिसंबर : बिहार बनाम राजस्थान।

# सकलैन मुश्ताक मैन ऑफ द मैच

- पूर्णिया जिला क्रिकेट लीग में गैलेक्सी ने एचीवर लाइन को 6 विकेट से किया पराजित



**पूर्णिया, 2 दिसंबर (खेलढाबा)।** स्थानीय डीएसए ग्राउंड पर पूर्णिया डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित पूर्णिया जिला क्रिकेट लीग में मंगलवार को खेले गए मैच में गैलेक्सी सीसी ने एचीवर लाइन को 6 विकेट से पराजित किया।

**एचीवर लाइन की पारी-165 रन पर ऑलआउट :** टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एचीवर लाइन की टीम निर्धारित 30 ओवर के मुकाबले में 28.5 ओवर में 165 रन बनाकर पवेलियन लौट गई। डी.के.सी. ने 56 रन, शिवम ने 29 रन रन बनाये।

गैलेक्सी के गेंदबाजों ने शानदार नियंत्रण दिखाया। अभिषेक बाबू ने 3, जितेंद्र ने 3 और ऋतिक ने 2 विकेट चटकाये।

**गैलेक्सी की आक्रामक बल्लेबाजी-21 ओवर में जीत :** 166 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए गैलेक्सी ने शुरुआत से ही तेज खेल दिखाया। टीम के ओपनर सकलैन मुश्ताक ने 95 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेलकर मैच को एकतरफा बना दिया। उनके अलावा अभिषेक चौधरी ने 24 रन बनाये। एचीवर लाइन की ओर से कैफ, अंशु और नसीम ने एक-एक विकेट लिया।

**सकलैन मुश्ताक मैन ऑफ द मैचः** गैलेक्सी की ओर से सबसे शानदार प्रदर्शन करने वाले सकलै मुश्ताक को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। मैच में अंपायर रहे सागर दास एवं पंकज मिश्रा थे जबकि स्कोरर शिवम एवं रोशन थे।



खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों की भारोत्तोलन स्पर्धा और खेलो इंडिया अस्मिता भारोत्तोलन लीग में पदक जीतने वाली खिलाड़ियों ने खेल मंत्री श्रेयसी सिंह से मुलाकात की।

# एफसीए जूनियर्स की 232 रन की बड़ी जीत

- अररिया जिला क्रिकेट लीग में रौनक का हरफनमौला प्रदर्शन



**अररिया, 2 दिसंबर (खेलढाबा)।** अररिया जिला क्रिकेट लीग अंडर-16 (कॉनसम ट्रॉफी) के दूसरे मैच में एफसीए जूनियर्स ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जयेश क्रिकेट एकेडमी रेड को 232 रनों से मात देकर एकतरफा जीत दर्ज की।

**एफसीए जूनियर्स का विशाल स्कोरः** टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए एफसीए जूनियर्स ने निर्धारित 30 ओवर में 4 विकेट पर 297 रन का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा किया।

टीम के लिए रौनक कुमार ने 50 गेंदों पर तूफानी 90 रन बनाए। किशन आर्यन ने 37 गेंदों में 54 रन, जबकि आयुष राज ने 31 रन का योगदान दिया।

जयेश क्रिकेट एकेडमी (रेड) की ओर से पवन भगत, जयेश कश्यप और अंशु गुप्ता को एक-एक विकेट मिला।

**जयेश क्रिकेट एकेडमी की कमजोर शुरुआत :** बड़ा लक्ष्य पीछा करने उतरी जयेश क्रिकेट एकेडमी रेड की टीम एफसीए जूनियर्स की धारदार गेंदबाज़ी के आगे टिक नहीं सकी और मात्र 17 ओवर में 65 रन पर ढेर हो गई।

टीम की ओर से शानू कुमार स्मेही ने 14 रन, मो. महताब ने 8 रन तथा जयेश कश्यप ने 7 रन बनाए।

**रौनक का घातक स्पेल 5 विकेटः** गेंदबाज़ी में एफसीए जूनियर्स के रौनक कुमार ने घातक प्रदर्शन करते हुए 5 विकेट झटके। नीलाक्ष बिराजी ने 3 विकेट और किशन आर्यन ने 1 विकेट लिया। अपने शानदार ऑलराउंड खेल के लिए रौनक कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

**मैच अधिकारी :** मैच के स्कोरर राकेश कुमार और अंपायर अश्वनी कुमार एवं अनामी शंकर थे। मैच में पदाधिकारी एवं सदस्य ओम प्रकाश जायसवाल, राजेंद्र प्रसाद यादव (सचिव), तनवीर आलम, ध्रुव विराजी, आनंद मोहन उज्ज्वल, सरवन, अमित सेनगुप्ता एवं ग्राउंड्समैन राजेश उपस्थित रहे।

# सरदार पटेल चैंपियन ट्रॉफी क्रिकेट 10 दिसंबर से



**पटना, 2 दिसंबर (खेलढाबा)।** भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती और आगामी 75वीं पुण्यतिथि के अवसर पर राजधानी पटना के मखदुमपुर पुनपुन स्थित श्री लाल बहादुर राजकीय विद्यालय के खेल मैदान में 10 दिसंबर 2025 से ₹सेसक्विसेंटेनियल चैंपियन ट्रॉफी₹ का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन ₹एकता पखवाड़ा₹ के तहत किया जा रहा है।

**सरदार पटेल के विचारों से युवा पीढ़ी को जोड़ने का प्रयास :** कार्यक्रम की जानकारी सरदार पटेल इवेंट्स सह टैलेंट सर्च के निदेशक सह आयोजन अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने दी। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का जीवन दृढ़ता, कर्तव्यनिष्ठा और अखंड भारत की भावना का प्रतीक रहा है।

उन्होंने बताया कि पिछले नौ वर्षों से उनके जन्मदिन और पुण्यतिथि पर लगातार खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन कर युवाओं में देशभक्ति और एकता की भावना जागृत करने का प्रयास किया जाता रहा है।

**एकता और टीम भावना का प्रतीक होगा आयोजन :** कृष्णा पटेल के अनुसार खेल टीम भावना और एकजुटता का प्रतीक है, जो सरदार पटेल के आदर्शों से मेल खाता है। ₹एकता पखवाड़ा₹ के तहत आयोजित यह प्रतियोगिता उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी और युवाओं में राष्ट्रीय एकता का संदेश मजबूत करेगी।

**विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों को मिलेगा मौका :** इस चैंपियन ट्रॉफी में अंडर–12, अंडर–16, अंडर–19 और सीनियर आयु वर्ग के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखा सकेंगे। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को समान अवसर दिया जाएगा। विजेता और उपविजेता टीम को मेटल ट्रॉफी, जबकि उत्कृष्ट खिलाड़ियों को मोमेंटो और नगद सम्मान राशि प्रदान की जाएगी।

**खिलाड़ी कर सकते हैं पंजीकरण :** इस क्रिकेट ट्रॉफी में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी और कोच आयोजन अध्यक्ष कृष्णा पटेल से मो.झ 7488511660 पर संपर्क कर सकते हैं। आयोजन समिति ने बताया कि 15 सदस्यीय टीम और कोच के लिए खेल से जुड़ी सभी आवश्यक सुविधाओं की उत्तम व्यवस्था की जाएगी।

# ईशान किशन शतक से चूके, पर झारखंड जीता

◆ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 में झारखंड ने सौराष्ट्र को 84 रनों से रौंदा

**रांची, 2 दिसंबर (खेलढाबा)।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी एलीट मैच में झारखंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सौराष्ट्र को 84 रनों से हरा दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम (ग्राउंड बी) पर खेले गए इस रोमांचक टी20 मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच झारखंड के कप्तान ईशान किशन ने 50 गेंदों में 93 रन की धमाकेदार पारी खेली और अपनी टीम को 209/8 के विशाल स्कोर तक पहुँचाया। 210 रन के लक्ष्य का पीछा करती हुए सौराष्ट्र की टीम 125 रन पर ऑल आउट हो गई। झारखंड की चार मैचों में यह लगातार चौथी जीत है जबकि यह पहली हार है।

**झारखंड की बल्लेबाजी:** टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए झारखंड ने तेज शुरुआत की। ईशान (93 रन, 11 चौके, 3 छक्के) ने अपनी आक्रमक पारी से टीम को मजबूती दी।




रॉबिन मिन्ज (28 रन) और अनुकुल रॉय (27 रन) ने भी तेजी से रन जोड़े। ईशान और रॉबिन की 67 रन की साझेदारी ने टीम को मजबूत आधार दिया। अंत में बाल कृष्ण (20* रन, 7 गेंद) ने फिनिशर की भूमिका निभाई।

सौराष्ट्र की ओर से चेतन साकारिया ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। लेकिन झारखंड ने अपनी आक्रमक बल्लेबाजी से 10.45 रन प्रति ओवर की रफ्तार से विशाल स्कोर बनाया।

**सौराष्ट्र की बल्लेबाजी:** जवाब में सौराष्ट्र की टीम कभी खेल में पकड़ नहीं बना सकी। प्रेरक मांकड़ (39 रन, 19 गेंद) ने कुछ क्षणों के लिए संघर्ष किया। रुचित अहिर और लकिराज ने थोड़ी प्रतिरोध दी, लेकिन झारखंड के गेंदबाजों के आगे उनकी टीम 125/10 पर समाहित हो गई।

अनुकुल रॉय ने 4 ओवर में 3 विकेट लेकर अपनी टीम को जीत दिलाई। सुशांत मिश्रा और अमित कुमार ने दो-दो विकेट लिए। उत्कर्ष सिंह और बाल कृष्ण ने भी अहम योगदान दिया।

# झारखंड पर बड़ौदा की मजबूत बढ़त

◆ कूच बिहार ट्रॉफी में मेजबान बड़ौदा की झारखंड पर कुल 229 रन की बढ़त

**रांची, 2 दिसंबर (खेलढाबा)।** कूच बिहार ट्रॉफी के अंतर्गत खेले जा रहे मुकाबले में बड़ौदा ने दूसरे दिन की खेल समाप्ति के बाद 229 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली है।

मोतीबाग क्रिकेट ग्राउंड, वडोदरा में खेलते हुए बड़ौदा ने पहले दिन टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का निर्णय लिया था और अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में शानदार प्रदर्शन किया।

**बड़ौदा की पहली पारी में स्मित राथवा का शतक:** बड़ौदा ने अपनी पहली पारी में 92.2 ओवर में 291 रन बनाए। कप्तान स्मित राथवा ने 168 गेंदों में 101 रन की शानदार पारी खेली। वहीं, पीयूष राम यादव शतक से चूके और 99 रन बनाकर आउट हुए। इन दोनों के बीच 149 रनों की सबसे बड़ी साझेदारी हुई, जिसने बड़ौदा की पारी को मजबूती प्रदान की।

झारखंड की गेंदबाजी में प्रिंस मिश्रा ने 18.2 ओवर में 52 रन देकर 6 विकेट लिए, जबकि राहुल राजक ने 3 विकेट हासिल किए।

**झारखंड की पहली पारी कमजोर:** जवाब में झारखंड की टीम केवल 55 ओवर में 160 रन ही बना सकी। टीम की ओर से वत्शल तिवारी ने 42 और अनमोल राज ने 41 रन बनाए। बड़ौदा के लिए केशव एम वर्के ने 14 ओवर में 5 विकेट लेकर झारखंड की पारी को पूरी तरह दबा दिया। अमहीडा और कविर देसाई ने 2–2 विकेट लिए। इस प्रदर्शन के चलते बड़ौदा ने पहली पारी में 131 रन की बड़ी बढ़त हासिल कर ली।

**बड़ौदा की दूसरी पारी की तेज़ शुरुआत:** दूसरी पारी में बड़ौदा ने तेज़ी से रन बनाना शुरू किया। दिन के समाप्ति तक टीम ने 30 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 98 रन बना लिए। विश्वास ने 70 गेंदों में 41 रन बनाए, प्रियांशु जाधव 30 और पीयूष राम यादव 8 रन के साथ क्रीज़ पर टिके हुए थे। झारखंड की ओर से राहुल राजक ने 2 और ईशान ओम ने 1 विकेट लिया।

# जगरनाथ स्पोर्टिंग, यंग मोनार्क और यूथ सीसी ने दर्ज की जीत

◆ लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीज़न क्रिकेट टूर्नामेंट

**रांची, 2 दिसंबर (खेलढाबा)।** रांची जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में खेले जा रहे लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीज़न क्रिकेट टूर्नामेंट 2025-26 में मंगलवार को खेले गए तीन मुकाबलों में जगरनाथ स्पोर्टिंग, यंग मोनार्क और यूथ सीसी ने अपने मजबूत प्रदर्शन के दम पर जीत दर्ज की।

**जगरनाथ स्पोर्टिंग ने द अचीवर्स को 9 विकेट से हराया :** टाटीसिलवाई ग्राउंड में खेले गए बी डिवीज़न मुकाबले में जगरनाथ स्पोर्टिंग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द अचीवर्स को एकतरफ़ा अंदाज़ में 9 विकेट से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए द अचीवर्स की टीम 15.3 ओवर में मात्र 73 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से अभिषेक ने सर्वाधिक 30 रन बनाए, जबकि बाकी बल्लेबाज जगरनाथ स्पोर्टिंग के गेंदबाजों के दबाव में संघर्ष करते दिखे।

सद्दाम ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट अपने नाम किए, वहीं आदित्य ने 3/11 का शानदार स्पैल डालकर विपक्षी टीम को बड़ा स्कोर खड़ा करने का कोई मौका नहीं दिया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए जगरनाथ स्पोर्टिंग ने तेज और संतुलित बल्लेबाजी की। टीम ने 9.1 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 74 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। हर्ष ने 35 रन जबकि विजय ने 18 रन का योगदान दिया। द अचीवर्स के लिए किस्ले ने एकमात्र विकेट लिया।

**यंग मोनार्क ने केडी गिरी को 6 विकेट से हराया :** ओटीसी ग्राउंड में खेले गए दूसरे मुकाबले में यंग मोनार्क की टीम ने केडी गिरी को 6 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए केडी गिरी ने 32 ओवर में 170/8 का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। टीम की ओर से विकास ने 45 रन और अनीस ने 28 रन की महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। गेंदबाजी में यंग मोनार्क के सुप्रभात ने 2/13, हर्ष ने 2/28 और लावण्या ने 2/34 लिए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी यंग मोनार्क की टीम ने बेहतरीन संयमित बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। टीम ने 23.1 ओवर में 171/4 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। सुप्रभात और हर्ष दोनों नाबाद रहे और क्रमशः 35–35 रन बनाए। अमित ने भी 28 रन का योगदान दिया। केडी गिरी की तरफ से सक्षम ने 1/15 लिया।

**यूथ सीसी ने आरसीए ग्रीन को 26 रन से हराया :** प्रभात तारा ग्राउंड पर हुए तीसरे मुकाबले में यूथ सीसी ने बेहतरीन टीम प्रदर्शन करते हुए आरसीए ग्रीन को 26 रन से मात दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए यूथ सीसी ने निर्धारित 30 ओवर में 233/7 का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम के स्टार बल्लेबाज चिन्मय ने शानदार 125 रनों की धुआंधार पारी खेली, जबकि अनूप ने 28 रन बनाए। गेंदबाजी में आरसीए ग्रीन के बॉबी और लक्ष्मण ने तीन–तीन विकेट हासिल किए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीए ग्रीन ने संघर्षपूर्ण प्रदर्शन किया, लेकिन टीम 30 ओवर में 207/7 रन तक ही पहुंच सकी। लक्ष्मण ने 75 रन और रवि ने 51 रन की शानदार पारियां खेलीं, परंतु तेज रन गति की आवश्यकता के चलते टीम पीछे रह गई। यूथ सीसी की ओर से इशान ने 2/47 लिए।

# देवघर जिला क्रिकेट लीग में डीसीए-1 की टीम जीती

**देवघर, 2 दिसंबर (खेलढाबा)।** स्थानीय केकेएन स्टेडियम में देवघर जिला सुपर लीग क्रिकेट के अंतर्गत खेले गए मैच में डीसीए-1 की टीम ने कचहरी को दो विकेट से हराया।

टॉस जीत के कचहरी की टीम ने पहले बल्लेबाजी की और पूरी टीम 172 रन पर ऑल आउट हो गई । बल्लेबाज मनीष यादव ने 43 रन और ऋषभ यादव ने 35 रनों का योगदान दिया

गेंदबाजी में डीसीए-1 के भास्कर चौधरी ने 29 रन पर चार विकेट अंकित राज 28 रन पर 3 विकेट और कुमार सुमित 68 रन पर दो खिलाड़ियों का आउट किया।

जवाब में डीसीए-1 ने 173 रन 8 खिलाड़ियों के नुकसान पर बनाया। सत्या जगत ने 55 रन राहुल चौधरी ने 38 रन और कुमार सुमित ने 28 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में कचहरी के राज ने दो विकेट और मनीष यादव ने दो विकेट लिया। आज के मैच में अंपायर मिंटू सिंह और मोहम्मद इमरान थे जबकि स्कोर अभिषेक भोक्ता थे।



# गोपालगंज में राज्यस्तरीय बालिका खो-खो प्रतियोगिता का आगाज

**गोपालगंज, 2 दिसंबर (खेलढाबा)।** स्थानीय मिंज स्टेडियम में मंगलवार को राज्य स्तरीय अंतर-प्रमंडल विद्यालय खो–खो बालिका प्रतियोगिता 2025–26 का भव्य शुभारंभ हुआ। जिला पदाधिकारी पवन कुमार सिन्हा ने पारंपरिक दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने फीता काटकर औपचारिक शुरुआत की और पहला टॉस कराते हुए खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने दोनों टीमों की खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनकी प्रतिभा की सराहना की और मेहनत, अनुशासन तथा टीम भावना को सफलता की कुंजी बताया। उद्घाटन दिवस पर मिंज स्टेडियम खेल उत्साह, ऊर्जा और दर्शकों की मौजूदगी से खचाखच भरा रहा।



**कोसी ने सारण को एक पारी और एक अंक से हराया :** प्रतियोगिता के पहले दिन अंडर-14 श्रेणी में कोसी प्रमंडल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सारण प्रमंडल को एक पारी और एक अंक से पराजित किया। कोसी टीम ने शुरुआत से ही तेज और आक्रमक खेल दिखाया तथा मैच पर लगातार अपनी पकड़ बनाए रखी। सारण की टीम ने प्रयास तो किया, लेकिन कोसी की सटीक रणनीति और गति का मुकाबला नहीं कर सकी।

**अंडर–17 में तिरहुत ने दरभंगा पर दर्ज की जोरदार जीत :** अंडर–17 वर्ग के मुकाबलों में पटना ने मगध को कड़े संघर्ष में मात दी। रोमांचक मुकाबले में दोनों टीमों ने दमदार प्रदर्शन किया, पर पटना ने अंतिम क्षणों में बढ़त बनाते हुए जीत दर्ज की। दूसरे मैच में तिरहुत प्रमंडल ने दरभंगा प्रमंडल को चार अंकों से परास्त किया। तिरहुत टीम ने शुरुआत से ही मैच पर नियंत्रण रखा और उत्कृष्ट तालमेल के साथ तेज गति से खेलते हुए जीत सुनिश्चित की।

**अंडर–19 में पटना की मजबूत बढ़त, मिथिला को पांच अंकों से हराया :** अंडर–19 श्रेणी में पटना प्रमंडल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मिथिला को पांच अंकों से हराया। पटना की टीम ने बचाव और आक्रमण दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्ट संतुलन दिखाया और मैच पर अपनी पकड़ मजबूत रखी। टीम की फुर्ती, रणनीति और सामंजस्य ने उन्हें महत्वपूर्ण जीत दिलाई।

**उद्घाटन मैच में मगध की जीत :** उद्घाटन सत्र में खेले गए पहले मैच में मगध ने पटना को 6 अंकों के अंतर से हराकर विजयी शुरुआत की। मगध मंडल ने 10 प्वाइंट अर्जित किए जबकि पटना मंडल 4 प्वाइंट ही जुटा सका। मगध की फुर्ती और रणनीति की प्रशंसा अधिकारियों एवं दर्शकों ने की।

**अधिकारियों की उपस्थिति और सफल आयोजन :** उद्घाटन समारोह में उप विकास आयुक्त कुमार निशांत विवेक, अपर समाहर्ता एवं जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी रोहित कुमार, वरीय कोषागार पदाधिकारी शशिकांत आर्या, पंचायती राज पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार, जिला खेल पदाधिकारी अनिल कुमार सहित कई विभागों के वरीय अधिकारी उपस्थित थे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में जिला प्रशासन, खेल विभाग और विद्यालय खेल महासंघ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के पहले दिन खिलाड़ियों के प्रदर्शन और प्रतियोगिता के उमंगपूर्ण माहौल ने गोपालगंज को खेल गतिविधियों का केंद्र बना दिया है। आने वाले दिनों में बालिका खिलाड़ियों के और भी रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

# जीयूएसएस सीए, रॉकमेन जूनियर और जेवीएम श्यामली की टीमें जीतीं

◆ सरला देवी बिड़ला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट

**रांची, 2 दिसंबर (खेलढाबा)।** रांची जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में खेले जा रहे सरला देवी बिड़ला अंडर–14 क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को हुए मुकाबलों में बल्लेबाजों का दबदबा देखने को मिला। अलग-अलग मैदानों पर खेले गए चार मैचों में जीयूएसएस सीए, रॉकमेन जूनियर और जेवीएम श्यामली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की, जबकि एक मैच जस्टिस सीए ब्लू को वॉकओवर से मिला।

**जीयूएसएस सीए ने साई ब्लू को 64 रन से हराया :** रातू ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में जीयूएसएस सीए ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवर में 289/3 का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के दो बल्लेबाजों ने पूरे मैच पर छाप छोड़ी–वीनस ने 146 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जबकि क्षितीज 114 रन बनाकर नाबाद लौटे। साई ब्लू की ओर से इशान ने 2/52 लिए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए साई ब्लू ने संघर्ष तो किया, लेकिन टीम 35 ओवर में 225/9 तक ही पहुंच सकी। आदित्य ने 70 रन और इंशान ने 26* रनों का योगदान दिया। जीयूएसएस सीए की ओर से उन्नत, आयुष और अल्तमाज ने दो-दो विकेट लेकर जीत सुनिश्चित की। टीम ने मैच 64 रन से अपने नाम किया।

**रॉकमेन जूनियर की 223 रन से धमाकेदार जीत :** सुकुरहुट्टू मैदान पर रॉकमेन जूनियर ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए आचार्यकुलम के खिलाफ 333/8 का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। टीम के स्टार बल्लेबाज आकाश ने 182 रनों की लंबी और आकर्षक पारी खेली, जबकि रौनक ने 40 और नवनीत ने 23 रन जोड़े। गेंदबाजी में आचार्यकुलम के शाश्वत ने 3/64 और वीर ने 2/76 लिए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए आचार्यकुलम की टीम 23.3 ओवर में 110 रन पर ढेर हो गई। वीर ने 30 और अरमान ने 16 रन बनाए। रॉकमेन जूनियर की ओर से वर्नीत ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4/18 लिए, जबकि सौरव ने 3/39 हासिल किए। टीम ने मुकाबला 223 रन के बड़े अंतर से जीत लिया।

**जेवीएम श्यामली ने लोयोला कॉन्वेंट को 9 विकेट से हराया :** गोलचक्कर ग्राउंड पर लोयोला कॉन्वेंट की टीम 15.5 ओवर में 61 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से पुष्प 11* रन बनाकर नाबाद रहे। जेवीएम श्यामली के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया– आदित्य ने 4/18, शौर्य ने 3/16 और सार्थक ने 2/5 लेकर विपक्ष को बड़े स्कोर से दूर रखा।

जवाब में जेवीएम श्यामली ने केवल 7 ओवर में 64/1 रन बनाकर मैच 9 विकेट से जीत लिया। रौनक ने 26 और कृष्णा ने 19 रन बनाए। अयान ने एक विकेट लिया।

**जस्टिस सीए ब्लू को वॉकओवर से जीत :** नेहरू ग्राउंड पर निर्धारित मैच में जस्टिस सीए ब्लू को वॉकओवर से जीत मिली, जिससे उन्हें अंक तालिका में महत्वपूर्ण बढ़त हासिल हुई।

# पीएसएफए ब्लू क्यूब्स फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल लाइनअप तय

**पटना, 2 दिसंबर (खेलढाबा)।** प्रीमियर स्पोर्टिंग फुटबॉल अकादमी (पीएसएफए) द्वारा आयोजित पीएसएफए ब्लू क्यूब्स 2025 टूर्नामेंट के दूसरे सप्ताह में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में रोमांच चरम पर रहा। विभिन्न आयु वर्गों में हुए मैचों में खिलाड़ियों ने बेहतरीन कौशल, दमदार ऊर्जा और शानदार खेल भावना का परिचय दिया। पूरे दिन मैदान पर उत्साह का माहौल बना रहा और दर्शकों ने हर मुकाबले का आनंद लिया।

**अंडर-8 वर्ग: संत माइकल की दमदार जीत, टर्फ एरिना फाइनल में :** अंडर-8 ब्वॉयज कैटेगरी के पहले मैच में सेंट माइकल ने उर्जा टर्फ को 4–0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया।




टीम ने शुरू से ही आक्रमक खेल दिखाया और विपक्षी टीम को कोई मौका नहीं दिया। दूसरे मुकाबले में टर्फ एरीना ने पीएसएफए क्यूब्स को 1-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। मैच कड़ा रहा, लेकिन टर्फ एरीना ने निर्णायक बढ़त बनाई।

**अंडर-10 वर्ग: संत माइकल और टर्फ एरीना ने हासिल की फाइनल टिकट:** अंडर-10 कैटेगरी में सेंट माइकल ने स्पोर्ट्स स्क्वायर को 4-0 से हराकर बड़ी जीत हासिल की। टीम के खिलाड़ियों ने शानदार समन्वय दिखाया और पूरी तरह मैच पर नियंत्रण बनाए रखा। दूसरे सेमीफाइनल में टर्फ एरिना और डीपीएस के बीच मुकाबला बराबरी का रहा, जो पेनल्टी शूटआउट तक पहुंचा। पेनल्टी में टर्फ एरीना ने 3–2 से जीत दर्ज करते हुए फाइनल में प्रवेश किया।

**अंडर-12 वर्ग: संत माइकल और डीपीएस की शानदार जीत :** अंडर-12 ब्वॉयज श्रेणी में सेंट माइकल ने स्पोर्ट्स स्क्वायर को 2-0 से मात दी। टीम ने संयमित खेल दिखाते हुए निर्णायक समय में गोल दागे। दूसरे मैच में डीपीएस ने उर्जा टर्फ को 4–2 से हराया। दोनों टीमों के बीच तेज गति वाला मुकाबला देखने को मिला, पर डीपीएस ने महत्वपूर्ण मौकों पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की।

**ग्रैंड फिनाले 7 दिसंबर को :** पीएसएफए ब्लू क्यूब्स 2025 का भव्य फाइनल मुकाबला 7 दिसंबर, रविवार को दोपहर 2 बजे वीर कुंवर सिंह पार्क (हार्डिंग पार्क), पटना में आयोजित किया जाएगा। फुटबॉल प्रेमियों के लिए यह रोमांच और उत्साह से भरा दिन होने वाला है, जहां विभिन्न आयु वर्गों की सर्वश्रेष्ठ टीमें खिताब के लिए आमने–सामने होंगी।

# धनबाद जिला लिटिल चैंपस योगासन 7 दिसंबर को

**धनबाद, 2 दिसंबर (खेलढाबा)।** धनबाद जिला योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन द्वारा प्रथम धनबाद जिला लिटिल चैम्पस योगासन स्पोर्टस प्रतियोगिता आगामी 7 दिसम्बर को बलियापुर रोड स्थित दी लाइट हाउस रिसोर्ट में आयोजित किया जाना है। इस प्रतियोगिता की सारी तैयारी पूरी कर ली गई , जिला संघ के सचिव ने बताया कि इस प्रतियोगिता में धनबाद जिला के 10 विद्यालय एवं 4 क्लब से 137 खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन अभी तक हो चुका है, प्रतियोगिता 4 आयु वर्ग के



बालक बालिका 7 वर्ष, 8 वर्ष, 9 वर्ष एवं 10 वर्ष की होगी। साथ ही साथ 6वां झारखंड राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों, निर्णायकों एवं धनबाद जिला योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन के प्रशिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में राज्य संघ के विपिन कुमार पाण्डेय, राष्ट्रीय निर्णायक अभिजीत पात्रा, जिला संघ के संरक्षक परिक्षण पाण्डेय, कैप्टन प्रदीप मोहन सहाय, चेयरमैन मनोज सिंह, अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह उपाध्यक्ष डा. शैलेष कुमार, शीतल दत्ता, जशपाल सिंह, विरेन्द्र कुमार रवानी, कुमारी रश्मि, कार्यालय सचिव संजय यादव सदस्य सुनीता मिश्रा, कुमारी माया, आरती सिंह, आरती शर्मा, ज्योति विश्वकर्मा, सरीता देवी, अभिषेक कुमार महली, मनोज कुमार कुशवाहा अहम भूमिका निभा रहे हैं

## संक्षिप्त

### एआईएफएफ 'लचीला' रुख अपनायेगा

**नईदिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) देश में खेल के हितधारकों के प्रतिनिधियों के साथ खेल मंत्री मनसुख मांडविया की आगामी बैठक में 'लचीला' रुख अपनाने की कोशिश करेगा। यह बैठक वर्तमान संकट से बाहर निकलने का रास्ता खोजने के लिए बुलाई गई है। खेल मंत्रालय यह बैठक उच्चतम न्यायालय के निर्देशों पर बुला रहा है। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के वाणिज्यिक अधिकारों के लिए एआईएफएफ द्वारा जारी किए गए निविदा को कोई खरीदार नहीं मिला, जिसके बाद भारतीय फुटबॉल में अराजकता का माहौल है।

### सेंथिल कुमार और अनाहत क्वार्टर फाइनल में

**चेन्नई।** पुरुष राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार और महिला राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह ने मंगलवार को यहां आसान जीत के साथ एचसीएल स्क्वाश इंडियन टूर चार के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दुनिया के 46वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिलकुमार ने प्री क्वार्टर फाइनल में श्रीलंका के राविंदु लाकसिरी को 11-7, 11-8, 11-7 से हराया जबकि दुनिया की 29वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत ने चेक गणराज्य की तमारा होल्जबोरोवा को 11-7, 11-7, 11-7 से शिकस्त दी। भारत के दोनों शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को पहले दौर में बाई मिली थी।

### पूर्व क्रिकेटर रोबिन स्मिथ का निधन

**लंदन।** तेज गेंदबाजों का डटकर सामना करने वाले इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज रोबिन स्मिथ का मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के पर्थ स्थित उनके घर पर निधन हो गया। वह 62 वर्ष के थे। स्मिथ को 80 और 90 के दशक में कर्टली एम्ब्रोस, कर्टनी वॉल्श, मैल्कम मार्शल और पैट्रिक पैटरसन जैसे वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाजों का दिलेरी से सामना करने के लिए जाना जाता है। उस दौर में टीम के उनके साथी बल्लेबाज अक्सर इस गेंदबाजी आक्रमण के सामने विफल हो जाते थे।

### पाकिस्तान श्रीलंका दौरे पर जायेगा

**लाहौर।** पाकिस्तान की टीम अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप से पहले तीन मैचों की श्रृंखला के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। पीसीबी ने कहा कि पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच सात, नौ और 11 जनवरी को दम्बुला में तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेली जायेगी।

### यानसेन ने बल्ले से काफी सुधार किया

**बेंगलुरु।** दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज क्रिकेटर जाक कैलिस ने कहा कि मार्को यानसन ने हाल के महीनों में अपनी बल्लेबाजी में जो सुधार किया है, वह उन्हें आधुनिक क्रिकेट के शीर्ष हरफनमौला खिलाड़ियों में जगह बनाने में मददगार होगा। यानसन ने भारत दौरे पर आक्रमक बल्लेबाज के तौर पर अपनी साख को मजबूत करते हुए गुवाहाटी में टेस्ट और फिर रविवार को रांची में पहले वनडे में तेजी से अर्धशतक बनाए। कैलिस ने मंगलवार को एसए20 द्वारा आयोजित भारतीय मीडिया के साथ एक विशेष बातचीत के दौरान कहा, ''उसका साल शानदार रहा है, है ना? उसमें हमेशा से क्षमता थी। बस उसे अपने खेल को समझने की जरूरत थी।

गोलघर मीडिया वेंचर्स के लिए कविता कुमारी द्वारा पी-5, आईटीसी कॉलोनी, विद्यापुरी, कंकड़बाग, पटना, बिहार से प्रकाशित, संपादक–डी.वी पटवर्धन (अधिवक्ता) * फोन : 7870100025, web-www.kheldhaba.com, Email-kheldhaba@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी. आर. बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा पटना अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)

# हार्दिक पांड्या की शानदार वापसी, त्रिपुरा से हारी दिल्ली

**सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी राउंडअप**

सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के तहत चौथे राउंड में मंगलवार को देश के विभिन्न शहरों–लखनऊ, कोलकाता, हैदराबाद, अहमदाबाद और पुणे–में खेले गए मुकाबलों में कई रोमांचक परिणाम देखने को मिले। प्रत्येक ग्रुप में बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपनी–अपनी टीमों को जीत दिलाई।

**ग्रुप ए (लखनऊ): ओडिशा, आंध्र, मुंबई और विदर्भ की जीत :** लखनऊ में खेले गए मुकाबले में ओडिशा ने छत्तीसगढ़ को 27 रनों से पराजित किया। ओडिशा ने 20 ओवर में 135/8 का स्कोर बनाया, जिसमें बिप्लब ने 61 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। जवाब में छत्तीसगढ़ की टीम राजेश मोहंती की घातक गेंदबाजी (5/21) के सामने 108 रन पर सिमट गई।

दूसरे मैच में आंध्र ने रेलवे को 5 विकेट से हराया। रेलवे ने 167/7 रन बनाए, लेकिन आंध्र के अश्विन हेब्बर (78) और एस.डी.एन.वी. प्रसाद (39 नाबाद) ने मिलकर टीम को 19.3 ओवर में लक्ष्य दिला दिया।

तीसरे मुकाबले में मुंबई ने दमदार प्रदर्शन करते हुए असम को 98 रन से हराया। मुंबई ने 220/4 का विशाल स्कोर खड़ा किया जिसमें सरफराज खान ने शानदार 100 नाबाद और अजिंक्य रहाणे ने 42 रन बनाए। असम की टीम 122 रन पर आउट हो गई, जिसमें शार्दुल ठाकुर ने 5/23 की घातक गेंदबाजी की।

दिन के चौथे मैच में विदर्भ ने केरल को छह विकेट से मात दी। केरल ने 164 रन बनाए, जिसमें रोहन कुनुम्मल (58) और विष्णु विनोद (65) की पारियाँ शामिल थीं, लेकिन विदर्भ ने अथर्व तैड़े (54) के शानदार खेल के दम पर 18.3 ओवर में लक्ष्य पा लिया।



**ग्रुप बी (कोलकाता): जम्मू–कश्मीर, गोवा और हैदराबाद विजयी**

कोलकाता में खेले गए दूसरे मैच में जम्मू-कश्मीर ने चंडीगढ़ को 29 रनों से हराया। जम्मू–कश्मीर की टीम 192 रन पर ऑल आउट हुई, पर चंडीगढ़ लक्ष्य का पीछा करते हुए 163/7 तक ही पहुँच पाई।

तीसरे मुकाबले में गोवा ने मध्यप्रदेश को सात विकेट से पराजित किया। मध्यप्रदेश ने 170/6 बनाए थे जिसमें हरप्रीत सिंह भाटिया ने 80 नाबाद रन जोड़े, लेकिन गोवा ने अभिनव तेजराना (55) और सुयश प्रभुदेसाई (75 नाबाद) के दम पर 18.3 ओवर में जीत हासिल की।

दिन के अंतिम मैच में हैदराबाद ने उत्तर प्रदेश को तीन विकेट से हराया। उत्तर प्रदेश की टीम केवल 127 रन बना सकी, जिसके बाद हैदराबाद ने 17.1 ओवर में लक्ष्य प्राप्त कर लिया।

**ग्रुप सी (हैदराबाद): बड़ौदा, बंगाल, गुजरात और हरियाणा की जीत:** पंजाब और बड़ौदा के बीच हुए उच्च स्कोर वाले मुकाबले में बड़ौदा ने पंजाब को 7 विकेट से हराया। पंजाब ने 222/8 बनाए, लेकिन बड़ौदा ने हार्दिक पांड्या की तूफानी 77 नाबाद पारी के सहारे 19.1 ओवर में 224/3 रन बनाकर जीत दर्ज की।

दूसरे मैच में बंगाल ने हिमाचल प्रदेश को पांच विकेट से हराया। हिमाचल ने 208/5 रन बनाए, लेकिन बंगाल ने करन लाल के शानदार 113 रन की मदद से 18.4 ओवर में लक्ष्य पा लिया।

तीसरे मैच में गुजरात ने पुडुचेरी को नौ विकेट से हराया। पुदुचेरी की टीम 83 रन पर ढेर हुई, जिसके बाद गुजरात ने 9 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

चौथे मैच में हरियाणा ने सर्विसेज़ को छह विकेट से मात दी। सर्विसेज़ ने 157/7 रन बनाए, लेकिन हरियाणा ने अंकित कुमार की नाबाद 78 रन की पारी पर भरोसा करते हुए 19 ओवर में जीत दर्ज की।

**ग्रुप डी (अहमदाबाद): कर्नाटक, त्रिपुरा और राजस्थान की जीत:** कर्नाटक ने दिन के पहले मुकाबले में तमिलनाडु को 145 रनों से हराया। कर्नाटक ने 245/3 का विशाल स्कोर बनाया, जिसमें देवदत्त पडिक्कल ने 102 नाबाद रन बनाए। तमिलनाडु की टीम मात्र 100 रन पर ऑल आउट हो गई।

दूसरे मैच में त्रिपुरा ने दिल्ली को 12 रनों से हराया। त्रिपुरा ने 157/5 बनाए, जिसके जवाब में दिल्ली की टीम 145/8 तक ही पहुँच सकी।

चौथे मैच में राजस्थान ने उत्तराखंड को 73 रनों से हराया। राजस्थान ने 193/8 बनाए जिसमें दीपक हुड्डा ने 90 नाबाद रन की पारी खेली। उत्तराखंड की टीम 120 रन पर ढेर हो गई।

**प्लेट ग्रुप (पुणे): नागालैंड, मिजोरम और सिक्किम की जीत:** प्लेट ग्रुप में नागालैंड ने मेघालय को 58 रनों से हराया। नागालैंड ने 139/6 रन बनाए, जिसके जवाब में मेघालय 81 रन पर ऑल आउट हो गई।

दूसरे मैच में मिजोरम ने अरुणाचल प्रदेश को 58 रनों से हराया। मिजोरम ने 186/9 बनाए, जिसके बाद अरुणाचल 128/7 तक ही पहुँच सका। दिन के अंतिम मुकाबले में सिक्किम ने मणिपुर को आठ विकेट से हराया। मणिपुर की टीम 134 रन पर ऑल आउट हुई, जबकि सिक्किम ने केवल 15.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

# ट्रैक एवं फील्ड में चार नए मीट रिकॉर्ड दर्ज

**खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों**

**जयपुर, 2 दिसंबर।** खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों में मंगलवार का दिन ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं के नाम रहा, जहां कुल चार खिलाड़ियों ने नए मीट रिकॉर्ड बनाते हुए शानदार प्रदर्शन किया। इसमें चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के दो खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आयोजन में अपनी टीम की स्थिति मजबूत कर दी। वहीं पदक तालिका में गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अपनी बादशाहत बनाए हुए है।

**ट्रैक एवं फील्ड में चार खिलाड़ियों ने रचा इतिहास :** चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के राहुल ने पुरुष 20 किमी पैदल चाल में शानदार शुरुआत से अंत तक अपना दबदबा बनाए रखा। उन्होंने एक घंटा 25 मिनट 43 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण पदक हासिल किया और 2022 में पंजाब विश्वविद्यालय के अक्षदीप सिंह द्वारा बनाए मीट रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के सूरज यादव ने एक घंटा 30 मिनट 6.50 सेकेंड में रजत पदक प्राप्त किया, जबकि अन्य दो खिलाड़ी डिस्क्वालीफाई हो गए।

महिला भाला फेंक में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की दीपिका ने 55.53 मीटर का बेहतरीन थ्रो करके नया मीट रिकॉर्ड बनाया। इस प्रदर्शन से उन्होंने ज्योति देवी द्वारा बनाए गए 53.16 मीटर के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

**अन्य स्पर्धाओं में भी रिकॉर्डों की बरसात :** स्वर्णिम गुजरात खेल विश्वविद्यालय के रुचिर मोरी ने पुरुष 400 मीटर बाधा दौड़ में 51 सेकेंड का समय निकालते हुए नया मीट रिकॉर्ड बनाया। हालांकि इस स्पर्धा में उनके अलावा कोई अन्य खिलाड़ी शामिल नहीं हुआ, जिससे उन्हें स्वर्ण पदक तो नहीं मिला लेकिन रिकॉर्ड मान्य कर लिया गया।

महिला उंची कूद में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी की पूजा ने 1.77 मीटर की उंचाई पार कर ग्रेसेना मर्ली के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा और प्रतियोगिता में स्वर्ण जीत लिया।

**पदक तालिका में गुरु नानक देव विश्वविद्यालय शीर्ष पर कायम :** गुरु नानक देव विश्वविद्यालय ने अब तक कुल 31 स्वर्ण पदक जीतकर पदक तालिका में अपनी शीर्ष स्थिति बनाए रखी है।

पिछली बार का चैंपियन चंडीगढ़ विश्वविद्यालय भी लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। मंगलवार को कैनोइंग और कयाकिंग में सात स्वर्ण सहित कुल 11 स्वर्ण पदक हासिल कर उसने अपने पदकों की कुल संख्या 22 कर ली।

**अन्य स्पर्धाओं में महत्वपूर्ण नतीजे:** जगतपुरा निशानेबाजी रेंज में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की सुरभि राव ने महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में 238.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

पुरुष हॉकी में फाइनल मुकाबला गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय और महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के बीच खेला जाएगा। सेमीफाइनल में गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय ने बेंगलुरु सिटी यूनिवर्सिटी को 2–0 से हराया, जबकि महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ ने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय को 2–0 से मात देते हुए फाइनल में प्रवेश किया।

## कोहली ने विजय हजारे ट्रॉफी के लिए उपलब्धता की पुष्टि की

**नईदिल्ली, 2 दिसंबर।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा है कि भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली ने मंगलवार को पुष्टि की है कि वह 24 दिसंबर से शुरू होने वाली विजय हजारे ट्रॉफी में खेलेंगे। भारत के लिए अब सिर्फ एक प्रारूप में खेलने वाले कोहली अभी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में खेल रहे हैं।

कोहली फरवरी 2010 में सेना के खिलाफ खेलने के बाद पहली बार विजय हजारे ट्रॉफी में वापसी करेंगे सैंतीस साल के कोहली ने रांची में श्रृंखला के पहले मैच में अपना 52वां शतक बनाया जिससे पता चलता है कि वह इस साल की शुरुआत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने के बाद खेल के सिर्फ एक प्रारूप में खेलने के बावजूद लय में हैं।

# मैक्सवेल ने लिया आईपीएल नीलामी से नाम वापस

**सिडनी, 2 दिसंबर।** आईपीएल में एक दशक के कैरियर में कुछ खास नहीं कर सके ग्लेन मैकसवेल ने अबुधाबी में 16 दिसंबर को होने वाली मिनी नीलामी से नाम वापस ले लिया।

'बिग शो' के नाम से मशहूर 37 वर्ष के मैक्सवेल ने 2012 से हर आईपीएल (2019 को छोड़कर) खेला है।

वह 141 मैचों में 2819 रन ही बना सके और उनका औसत 24 से भी कम रहा। उन्होंने अपनी आफ ब्रेक गेंदबाजी से 8.30 की इकॉनामी रेट से 41 विकेट लिये। मैक्सवेल ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि आईपीएल में कई यादगार सत्रों के बाद मैने इस साल नीलामी से नाम वापिस लेने का फैसला किया है। यह बड़ा फैसला है और लीग से जो कुछ भी मिला है, उसके प्रति कृतज्ञता जताते हुए लिया है। उन्होंने लिखा कि आईपीएल ने मुझे एक क्रिकेटर और इंसान के तौर पर निखारा है। मैने कई विश्व स्तरीय खिलाड़ियों और टीमों के साथ खेला और क्रिकेट के लिये असाधारण जुनून रखने वाले दर्शकों के सामने खेला है ये यादें, चुनौतियां और भारत की ऊर्जा हमेशा मेरे साथ रहेंगी।

मैक्सवेल ने कोई कारण नहीं बताया लेकिन अधिकांश बड़ी टीमें उनके अच्छे प्रदर्शन के लिये इंतजार से थक चुकी हैं। अक्सर महंगे दामों पर बिकने के बावजूद वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। डाटा विश्लेषण के प्रयोग से साफ हो गया है कि उन्हें अपनी काबिलियत से कहीं ज्यादा दाम मिलते रहे हैं। उन्होंने 13 सत्र खेले लेकिन सिर्फ एक बार 2021 में 500 रन से ज्यादा बना सके हैं। पिछले सत्र में वह सात मैच खेलकर वापिस लौट गए और आपरेशन सिंदूर के बाद आईपीएल बहाल होने पर भी लौटे नहीं।

# बांग्लादेश का टी20 सीरीज पर कब्जा

◆ तीसरे मैच में आयरलैंड की टीम 8 विकेट से हारी

**चटगांव (बांग्लादेश), 2 दिसंबर।** तंजीद हसन के उत्कृष्ट ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत बांग्लादेश ने मंगलवार को तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में आयरलैंड को आठ विकेट से हराते हुए तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। तंजीद ने जहां बल्लेबाजी में नाबाद 55 रन बनाए, वहीं क्षेत्ररक्षण में रिकॉर्ड पांच कैच लपककर मैच के सबसे प्रभावी खिलाड़ी के रूप में उभरे।



**आयरलैंड की पारी लड़खड़ाई, 117 पर सिमटा स्कोर:** पहले बल्लेबाजी करते हुए आयरलैंड की टीम पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल सकी और 117 रन पर ऑल आउट हो गई। टीम के लिए कप्तान और सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग ने 38 रन बनाए। उनके अलावा कोई अन्य बल्लेबाज 20 रन तक भी नहीं पहुंच सका, जिससे टीम दबाव से उबर नहीं पाई। बांग्लादेश की ओर से मुस्ताफिजुर रहमान और रिषाद हुसैन ने तीन–तीन विकेट लेकर आयरलैंड की पारी को झटकों से भर दिया। शोरिफुल इस्लाम ने भी दो विकेट चटकाए।

**तंजीद का रिकॉर्ड, पांच कैच पकड़ने वाले पहले क्रिकेट :** फील्डिंग में तंजीद हसन का प्रदर्शन पूरे मैच में छाया रहा। वे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में किसी पूर्ण टेस्ट सदस्य देश की ओर से खेलते हुए पांच कैच पकड़ने वाले पहले खिलाड़ी बने। उन्होंने आयरलैंड की पारी के अंतिम पांच बल्लेबाजों के कैच लपके, जिनमें से चार कैच उन्होंने लॉन्ग ऑन क्षेत्र में लिए।

**बांग्लादेश की सहज जीत, 13.4 ओवर में हासिल किया लक्ष्य :** 118 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सैफ हसन 19 और कप्तान लिटन दास 7 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद तंजीद और परवेज हुसैन ने पारी संभालते हुए तीसरे विकेट के लिए 50 गेंदों में 73 रन की अटूट साझेदारी की। तंजीद ने नाबाद 55 रन बनाए जबकि परवेज हुसैन 33 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों ने संयम और आक्रमकता के मिश्रण से टीम को 13.4 ओवर में 119 रन तक पहुंचाते हुए जीत सुनिश्चित कर दी।

## गुरबाज ने गंभीर को 'सर्वश्रेष्ठ कोच और इंसान' बताया

**दुबई, 2 दिसंबर।** गौतम गंभीर के कोचिंग के तरीकों को लेकर भले ही भारत में अलग अलग राय हो लेकिन अफगानिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने कहा कि केकेआर के पूर्व मेंटोर गंभीर सर्वश्रेष्ठ कोच हैं और उनकी आलोचना से वह हैरान हैं।

आईपीएल 2024 विजेता केकेआर टीम के सदस्य रहे गुरबाज ने कहा कि 'गौतम सर' की आलोचना सही नहीं है।

यहां आईएलटी20 के चौथे सत्र से इतर दिये इंटरव्यू में उन्होंने कहा, ''आपके देश के एक एक अरब 40 करोड़ लोगों में से 20 या 30 लाख उनके खिलाफ हो सकते हैं लेकिन बाकी गौतम सर और भारतीय टीम के साथ हैं। उन्होंने कहा कि वह सर्वश्रेष्ठ कोच, मेंटोर और इंसान हैं। मुझे उनके काम करने का तरीका बहुत पसंद है। गुरबाज ने कहा कि भारत ने चैम्पियंस ट्रॉफी वनडे टूर्नामेंट जीता, टी20 में एशिया कप जीता। कई श्रृंखलायें जीती और सिर्फ एक श्रृंखला के लिये उन्हें दोषी नहीं ठहरा सकते।

# केन विलियमसन ने जमाया अर्धशतक

◆ न्यूजीलैंड बनाम वेस्टइंडीज पहले टेस्ट का पहला दिन

**क्राइस्टचर्च, 2 दिसंबर।** केन विलियमसन ने टेस्ट क्रिकेट में शानदार वापसी करते हुए 52 रन की पारी खेली और न्यूजीलैंड को वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन नौ विकेट पर 231 रन तक पहुंचाया। उनकी पारी में छह चौके शामिल थे और उन्होंने टीम की मुश्किल घड़ी में अहम योगदान दिया।



**विलियमसन और लैथम की साझेदारी ने बनाई टीम की स्थिति मजबूत :** न्यूजीलैंड की पारी की तीसरी गेंद पर ही डेवोन कॉनवे (00) आउट हो गए। इसके बाद विलियमसन और सलामी बल्लेबाज तथा कप्तान टॉम लैथम (24) ने दूसरे विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी कर टीम को संभाला। विलियमसन 33 रन पर भाग्यशाली भी रहे, जब ओजाय शील्ड्स की गेंद पर उन्हें बोल्ड किया गया, लेकिन यह नो–बॉल साबित हुई।

**अन्य बल्लेबाजों का योगदान :** माइकल ब्रेसवेल ने 73 गेंदों में छह चौकों की मदद से 47 रन बनाए। टॉम ब्लंडेल (29) और नाथन स्मिथ (23) ने भी पारी में योगदान दिया, लेकिन बड़ी पारी नहीं खेल पाए। वेस्टइंडीज की ओर से ओजाय शील्ड्स (34 रन पर दो विकेट), जस्टिन ग्रीव्स (35 रन पर दो विकेट) और केमार रोच (47 रन पर दो विकेट) ने सफल गेंदबाजी की।

**विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में न्यूजीलैंड की पहली श्रृंखला :** यह मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में न्यूजीलैंड की पहली श्रृंखला है। टीम ने इससे पहले इस चक्र में कोई मैच नहीं खेला था। न्यूजीलैंड ने 2025 में एकमात्र अन्य श्रृंखला अगस्त में जिम्बाब्वे के खिलाफ खेली थी, जिसमें 2–0 से जीत हासिल की थी, लेकिन वह श्रृंखला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा नहीं थी।

# क्राउडफंडिंग' और माता-पिता की मदद से जीवित है हॉकी का जूनियर सपना

◆ मेंस जूनियर विश्व कप हॉकी में भाग ले रही स्विट्ज़रलैंड और न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों ने बताई अपनी कहानी

**चेन्नई, 2 दिसंबर।** हॉकी के मैदान पर जूनियर खिलाड़ी अपने सपनों को साकार करने के लिए न सिर्फ मेहनत करते हैं बल्कि अपने परिवार और जनता के सहयोग पर भी निर्भर रहते हैं। स्विटजरलैंड और न्यूजीलैंड जैसे देशों में जूनियर हॉकी खिलाड़ियों के लिए यह एक आम चुनौती है।

जहाँ भारत और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में अंडर-21 कार्यक्रमों को सरकार से आर्थिक मदद मिलती है, वहीं स्विटजरलैंड और न्यूजीलैंड के युवा खिलाड़ी खुद क्राउडफंडिंग और माता–पिता की मदद पर आश्रित हैं। चेन्नई और मदुरै में आयोजित एफआईएच जूनियर




विश्व कप में भाग लेने के लिए इन खिलाड़ियों को खुद पैसे जुटाने पड़े।

**स्विटजरलैंडः हॉकी के लिए मजबूरी में जज्बा :** स्विटजरलैंड के मुख्य कोच जेर लेवी ने कहा कि हम हॉकी को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं, लेकिन स्विटजरलैंड में आइस हॉकी ज्यादा लोकप्रिय है। हॉकी यहाँ एक शौक का खेल है और खिलाड़ी टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए खुद पैसे जुटाते हैं। उन्हें विश्वविद्यालय छोड़नी पड़ती है, काम करना पड़ता है, लेकिन हॉकी के प्रति प्रेम उन्हें यह सब करने के लिए प्रेरित करता है।

लेवी ने आगे कहा, महासंघ और सरकार बहुत कम आर्थिक मदद देते हैं। हमें और अधिक टेस्ट मैच खेलने और तैयारियों के लिए अधिक फंडिंग की आवश्यकता है। अभी के हालात में हम जितना खेलना चाहते हैं, उतना नहीं खेल पाते। हालांकि स्विटजरलैंड ने पूल बी में अपने दोनों मैच जीतकर भारत के साथ शीर्ष स्थान साझा किया है।

**न्यूजीलैंडः माता–पिता की मेहनत, खिलाड़ियों का उत्साह :** न्यूजीलैंड के अंडर–21 टीम के स्ट्राइकर जोंटी एल्मेस ने बताया, ₹हमारे सभी अंडर–21 कार्यक्रमों में पैसा खुद जुटाना पड़ता है, जो आमतौर पर माता–पिता देते हैं। हम अलग–अलग मंचों पर जाकर फंड जुटाते हैं। कई खिलाड़ियों के लिए यह काफी कठिन होता है, लेकिन माता–पिता की मेहनत हमारे सपनों को जिंदा रखती है। एल्मेस ने यह भी कहा कि जूनियर कार्यक्रमों के लिए सरकार से कोई मदद नहीं मिलती, इसलिए खिलाड़ी पूरी तरह से स्वयं और अपने परिवार पर निर्भर रहते हैं।

**चुनौती और जुनून का संगम :** स्विटजरलैंड और न्यूजीलैंड के युवा खिलाड़ी यह साबित कर रहे हैं कि हॉकी केवल पैसा या संसाधनों का खेल नहीं है। यह उनके जुनून, परिवार के समर्थन और खेल के प्रति उनके समर्पण का प्रतीक है। उनके लिए हर टूर्नामेंट एक मौका है अपने सपनों को हकीकत में बदलने का, चाहे इसके लिए उन्हें कितनी भी कठिनाइयों का सामना क्यों न करना पड़े।

## पिकलबॉल लीग : चेन्नई सुपर वॉरियर्स को मिली जीत

**नईदिल्ली, 2 दिसंबर।** चेन्नई सुपर वॉरियर्स ने इंडियन पिकलबॉल लीग (आईबीपीएल) में मंगलवार को हैदराबाद रॉयल्स पर 4–2 की शानदार जीत के साथ अपना अजेय क्रम जारी रखा तो वहीं, कैपिटल वॉरियर्स गुरुग्राम ने बेंगलुरु ब्लास्टर्स के खिलाफ एक रोमांचक 'ग्रैंड रैली' मुकाबले में जीत हासिल कर सत्र में पहली बार सफलता का स्वाद चखा। इस बीच लखनऊ लेपर्ड्स ने भी जबरदस्त वापसी करते हुए मुंबई स्मैशर्स के साथ 3–3 से बराबरी का मुकाबला खेलकर ड्रा अर्जित किया।

हैदराबाद रॉयल्स और चेन्नई सुपर वॉरियर्स दोनों ही टीमें इस मैच से पहले अजेय थीं। मिच हैरग्रीव्स ने शुरुआती मुकाबले में दिव्यांशु कटारिया से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 15–14 से जीत दर्ज कर चेन्नई की टीम को आगे कर दिया।